卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 280 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦17 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

अल्मोड़ा ज्वैलर्स

हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।

पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।

राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि

हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध हैं। मो. 9012749183

ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर



GAGNEJA PROPERTIES

CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE

✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land

REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE

MO.-8630672525,8279444462

ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ओमेक्स के फ्लैट से लाखों के आभूषण चोरी

### पुलिस दर्ज नहीं कर रही रपट,परिवार में रोष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की पॉश कालोनी से लाखों रूपये के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया हैं। इस मामले की पुलिस को सूचना देने के बाद भी पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नही कर रही है। जानकारी के अनुसार नैनीताल रोड स्थित ओमेक्स रिवेरा कालोनी स्थित फ्लैट संख्या-इण्डस सी007 के स्वामी अनिल कुमार दूबे ने बताया कि उसके घर की सेफ में पत्नी और पुत्री के आभूषण रखे हुये थे।



उसकी पत्नी वीना दूबे ने आभूषणों को बैंक के लॉकर में रखने के लिये गत 8 जुलाई की प्रात: 8.30 बजे सेफ का लॉकर खोलो तो लगभग 12 तोले सोने के आभूषण वहां से नदारद मिले। जबकि चांदी के आभूषणों के साथ पड़ा एक 5 ग्राम सोने का एक सिक्का वही पड़ा मिला। सोने के आभूषणों के वहां से गायब देख उनके होश उड़ गये। श्री दूबे ने बताया कि उनके द्वारा इसकी तहरीर तत्काल सिडकुल चौकी प्रभारी को दी गई। लेकिन चौकी प्रभारी द्वारा आभूषण चोरी (शेष पेज सात पर)

## आईलेट्स कोचिंग सेंटर से नकदी व लैपटॉप चोरी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया है। हजारों की नकदी लैपटॉप कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर में बेखौफ होते जा रहे चोरों की सीनाजोरी



भी बढ़ने लगी है नगर के सितारगंज रोड पर वार्ड नंबर सात में स्थित अबरोड एसएस आईलेट्स कोचिंग सेंटर पर रात्रि अज्ञात चोरों ने छत पर बने अलमुनियम से बने गेट का लॉक तोड़कर अंदर जा घुसे। चोरी की घटना को अंजाम दे दिया ऑफिस के मेन दरवाजे पर लगे शीशा तोड़कर मैन दरवाजे का लॉक खोल कर ₹20000 की नकदी, लैपटॉप, चेक बुक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, कैमरे में लगे डीवीआर, व अन्य कीमती सामान ले गए। सोमवार की सुबह रोज की (शेष पेज सात पर)

## द्वारिका फ्लोर मिल के कमरे में मिला कर्मचारी का शव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस किच्छा रोड़ पर स्थित द्वारिका एक फ्लोर मिल परिसर के कमरे में मिल में काम करने वाले एक कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा पाया गया। सायंकाल मामले की जानकारी मिलने पर मिल स्वामी सहित अन्य कर्मियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी आ पहुंचे और उन्होंने मिल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार किच्छा मार्ग पर स्थित द्वारिका फ्लोर मिल में ग्राम सुरहा शाहजहांपुर निवासी शैलेन्द्र दीक्षित काम करता था। वह अपने छोटे भाई अनुज दीक्षित के साथ मिल परिसर में ही कमरे में रहता था। बताया जाता है कि गत दिवस जब शैलेन्द्र रोज की तरह मिल में काम पर नहीं आया तो शाम को साथी कर्मी उसे देखने के लिए उसके कमरे में गये जहां वह अचेत अवस्था में मिला। उसे इस हालत में देखकर मिल स्वामी व अन्य कर्मियों में हड़कम्प मच गया । आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। शैलेन्द्र की मौत से मिल परिसर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शैलेन्द्र की मौत प्रात: ही हो चुकी थी। सायंकाल सूचना मिलने पर उसके परिजन भी आ गये। उन्होंने बताया कि वह प्रात: से शैलेन्द्र को फोन कर रहे हैं लेकिन उसका फोन रिसीव नहीं हो रहा था। उन्होंने मिल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब शैलेन्द्र प्रात: काम पर नहीं आया (शेष पेज सात पर)

## नवविवाहिता ने पंखे से फांसी लगाकर दी जान

गदरपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 7 शिव मंदिर निवासी पवन चावला की साली हिमांशी जिसका 2 माह पूर्व मुरादाबाद निवासी सचिन खुराना के साथ हुआ था जोकि आवास विकास गदरपुर में किराए के मकान में रह रही थी ने अज्ञात



कारणों के चलते पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि नव विवाहिता पूर्व में अपने परिवार के साथ हल्द्वानी रहती थी। कुछ दिन पूर्व ही परिवार हल्द्वानी से आकर गदरपुर में आवास विकास में किराए पर घर लेकर रह रहा था। हिमांशी का पूर्व में भी विवाह हो चुका था। लेकिन तलाक के बाद 2 माह पूर्व ही उसका विवाह मुरादाबाद निवासी सचिन खुराना के परिवार में हुआ था। जबकि हिमांशी खुराना आज ही अपने अपने मुरादाबाद से गदरपुर आई थी। रिश्तेदारों के अनुसार थोड़ा मानसिक तनाव में लग रही थी। अपनी बहन के घर से आराम करने की बात कहते हुए अपने घर आ गई व अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना हिमांशी की छोटी बहन गदरपुर निवासी शिवानी पत्नी पवन चावला ने पूर्व (शेष पेज सात पर)

## अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को बाईक पर 1.69 किलो अफीम ले जाते गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते सीओ अनुषा बड़ोला ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर के नेतृत्व में उप निरीक्षक केसी आर्य, का. अमित जोशी, महेन्द्र सिंह, एएनटीएफ यूनिट के उप नि विपिन चन्द्र जोशी, का. नवीन कुमार, राजेन्द्र मेहरा के साथ रामपुर रोड पर चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाईक संख्या यूपी 25 सीएच 2949 पर सवार एक व्यक्ति पीठ में बैग लगाए आता दिखाई दिया। जो पुलिसकर्मियों को देख वापस रामपुर रोड की तरफ जाने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।



पूछताछ में उसने बताया कि उनके पास बैग में अफीम है इसलिए भाग रहा था। उसने अपना नाम रूम सिंह पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम जगन्नाथपुर मजरा थाना सिरौली तहसील आवला बरेली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद बैग से कुल 1.69 किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने रूमसिंह को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# अमरनाथ यात्रियों का फूलमालाओं से किया स्वागत

### यात्रा पूर्ण कर रुद्रपुर लौटे श्रद्धालुओं का ढोलबाजों के साथ रेलवे स्टेशन पर हुआ जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवादाता)। अमरनाथ सेवा मण्डल के तत्वावधान में श्री अमरनाथ एवं वैष्णोदेवी की यात्रा पर गये 151 श्रद्धालुओं के आज यात्रा पूर्ण कर रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर विधायक शिव अरोरा, वरिष्ठ समाजसेवी व उत्तराखंड युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ सहित अन्य शिव भक्तों ने भगवान शिव शंकर के जय घोषों के साथ माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की गई। आज प्रात: ज्यों ही रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची ढोल बाजों के साथ भगवान शंकर के जयघोषों से रेलवे स्टेशन परिसर गुंजायमान हो गया। विधायक शिव अरोरा बोले हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ सेवा मण्डल के नेतृत्व में गये श्रद्धालुओं के जथे जो आज रुद्रपुर पहुँचा पूरा वातावरण भक्ति मय ओर महादेव के जयकारों से गुज उठा वही श्रद्धालुओं पूरी आस्था के साथ अमरनाथ मा वैष्णोदेवी के दर्शन कर आये आज उनका भव्य दिव्य स्वागत हुआ और निश्चित रूप से भगवान महादेव की कृपा से सभी की यात्रा मंगलमय रही इसलिए लिये अमरनाथ सेवा मडल बधाई के पात्र हैं। श्री चुघ ने सभी शिव भक्तों को उनकी सफल यात्रा पर बधाई देते हुए कहा कि शिव भक्तों पर भगवान शिव की कृपा हमेशा बनी रहती है। भगवान शिव का आर्शीवाद सबके साथ रहता है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला प्रभारी पुष्कर काला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, समाजसेवी सुशील गाबा,सुनील चुघ, पिंकी गाबा, परिधि चुघ, टिंकू मिश्रा, संजय अरोरा, हिमांशु मिड्ढा, सुनीता मिड्ढा, राखी मिड्ढा, तरुण जुनेजा, जतिन नागपाल, अमित बांगा, परमजीत सिंह पम्मा, शिवान मिड्ढा, हितेंद्र ठुकराल, विनय बत्रा मनोज छावड़ा,धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति, विनय बत्रा, धीरेंद्र मिश्रा,मनोज मदान, भूपराम, मदन दिवाकर, राजेश जग्गा, भीमसेन, स्वाति शर्मा, बोबी अरोरा, अनिता बरेठा, तो वही यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं में सुनील ठुकराल, अजय चड्डा, अंकित नरूला, भावना छावड़ा, (शेष पेज सात पर)



# संयुक्त किसान मोर्चा का सम्मेलन सम्पन्न

## सम्मेलन में बाजपुर के २० गांव का मुद्दा छाया रहा,मुद्दा हल ना होने तक मुख्यमंत्री मंत्री और सांसद के स्वागत कार्यक्रमों के विरोध का ऐलान : तजिंद्र सिंह विर्क

रूद्रपुर। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार देश के अलग अलग राज्यों में संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन किए जा रहे हैं इसी क्रम में रविवार को उत्तराखंड संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा उधम सिंह नगर जिला मुख्यालय रुद्रपुर की गल्ला मंडी में राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया 'जिसमें प्रदेश के सभी प्रमुख किसान संगठनों ने भागीदारी की सम्मेलन की अध्यक्षता जगीर सिंह ने व संचालन भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने किया सम्मेलन में प्रमुख रूप से भारतीय किसान यूनियन ,तराई किसान संगठन ,अखिल भारतीय किसान सभा ,भूमि बचाओ मुहिम बाजपुर ,अखिल भारतीय किसान महासभा ,किसान यूनियन एकता उगरहां, किसान संघ , अखिल भारतीय किसान सभा (अजय भवन) किसान युनियन अन्नदाता , प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया कि जब तक 20 गाँव की जमीन की समस्या का हल नही निकलता तब तक किसी भी मंत्री या मुख्यमंत्री का स्वागत समरोह का विरोध किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य व उत्तराखंड के प्रभारी तराई किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने कहा की केंद्र की सरकार ने किसान आंदोलन के स्थगित होने के समय किसानों के साथ जो वायदे किए थे सरकार उन वायदों से मुकर गई है किसानों द्वारा आंदोलन समाप्त नहीं किया गया था बल्कि स्थगित किया गया था देश भर के किसान संगठनों के संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन को फिर से देश भर में शुरू कर दिया है न्यनतम समर्थन मूल्य की गारंटी , किसानों की सम्पूर्ण कर्ज माफी , बिजली विधेयक 2020 ,किसानों को फसल बीमा ,आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लेने, लखिमपुर कांड के मुख्य दोषी केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने , आंदोलन के दौरान शहीद परिवारों को मुआवजा देने की माँगो को लेकर किसान इन सम्मेलनों के माध्यम से सरकार से हिसाब माँगने का काम का काम करेंगे देश व प्रदेश की माँगो को लेकर 26 जुलाई प्रदेश भर में तसील स्तर पर ज्ञापन दिए जाऐगे भूमि बचाओं मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा की जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर किसानों की समस्याएं हैं वहीं प्रदेश स्तर पर बाजपुर 20 गांवों की 5838 एकड़ से अधिक भूमि पर बसे किसानों का मालिकाना हकध्सरकार ने छीन लिया है। 1 अगस्त से बाजपुर में भूमि बचाओ आंदोलन शुरू किया जाएगा। सरकार तराई को उजाड़ने का षड्यंत्र रच रही जिसको सफल नही होने दिया जाएग संघर्ष लगातार जारी रहेगा। सरकार यदि वास्तव में उत्तराखंड के किसानों के प्रति चिंतित है तो पहले उन किसानों को मालिकाना हक दे गुमराह करना बन्द करे किसी भी कघेमत पर किसानों को उजडने नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पंजाब तेलंगाना अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी किसानों को मुफ्त बिजली दी जाऐ। किसानों को अवारा पशुओं से निजात दिलाऐ । सम्मेलन की अध्यक्षता करते किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार वन अधिनियम 2023 ,सिंचाई भूमि व अन्य भूमि पर बसे किसानों को उजाड़कर की किसान विरोधि मानसिकता का उजागर कर रही है सरकार गन्ने का मूल्य 450 प्रति कुंटल ,चीनी मिलों का निजीकरण बन्द करे । किसान यूनियन एकता उगरहां के प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि सरकार ने किसानों की 2022 में आय दुगुनी करने का जो झूठा वादा किया था उसका हिसाब अब प्रदेश के किसान सरकार से माँगेंगे किसान की आय कम हुई है और उस पर कर्ज़ बढ़ा है उन्होने कहा की 9 अगस्त को कारपोरेट भगाओ गाँव खेती बचाओं के उद्घोष के साथ देश भर में किसान संगठन कार्यक्रम करेंगे इस अवसर पर प्रमुख रूप से दर्शन सिंह बलविंदर सिंह ठाकुर जगदीश सिंह जसबीर उप्पल हरपाल मनेस राजेन्दर सिंह विक्की रंधावा अजीत पाल रंधावा गुरनाम सिंह धारीवाल सुधीर शाही प्रताप सिंह, बिजेंदर डोगरा, रजनीश सिंह सोनू, सनी निज्जर, बलविंदर सिंह, शिंगारा सिंह , दारा दिलेर रंधावा कौशलेंद्र प्रताप सिंह आदि सैकड़ों किसान उपस्थित थे।






# सैकड़ों लोगों को तुलसी के पौधे बांटे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयर पर्सन श्रीमती मीना शर्मा ने सावन के पवित्र माह के दूसरे सोमवार को भी अपने घर-घर तुलसी अभियान के तहत सैकड़ों लोगों को पवित्र तुलसी के पौधे प्रदान किए। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा सावन के दूसरे सोमवार को श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर नगर निगम रूद्रपुर के सामने पहुंची स जहां उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना करने के पश्चात शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर के पुरोहित पंडित अंकित पाठक द्वारा विधि विधान से पूजा कराई गई स बाद में समाज सेवा और धार्मिक कार्यों में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सुभाष शर्मा और उनकी पत्नी सुनीता शर्मा ने घर-घर तुलसी अभियान की संयोजिका श्रीमती मीना शर्मा के साथ दर्जनों लोगों को तुलसी के पवित्र पौधे प्रदान किए । यहां श्रीमती शर्मा ने कहा कि सावन के पवित्र माह में तुलसी का पौधा लगाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है, और वह प्रतिवर्ष 5000 तुलसी के पौधे वितरित कर घर घर तुलसी का पौधा पहुंचाने का प्रयास करती है स इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों विशेषकर महिलाओंने प्रतिभाग किया।




# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

काशीपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर निगम प्रांगण के कारगिल शहीद पार्क में हरेला पर्व मनाया गया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हरेला पर्व के उपलक्ष पर प्रत्येक बूथ पर आज और कल दो दिवसीय हरेला पर्व पर वृक्षारोपण किया जाएगा। कहा कि आज प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का पर्व हरेला मानव और पर्यावरण के अंतर संबंधों का अनूठा पर्व है।एवं वनों से हमें अनेक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलते हैं।अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियां मिलती हैं। जिनका प्रयोग औषधियां बनाने में किया जाता है। हरेला पर्व पर फलदार व कृषि उपयोगी पौधरोपण की परंपरा है। हरेला केवल अच्छी फसल उत्पादन ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के प्रतीक के रूप में भी मनाया जाता है।तथा श्रावण मास भगवान भोलेशंकर का प्रिय मास है, इसलिए हरेला के इस पर्व पर कहीं-कहीं हर-काली के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि श्रावण मास शंकर भगवान जी को विशेष प्रिय है। उत्तराखंड के पहाड़ों पर ही भगवान शंकर का वास माना जाता है। इसलिए भी उत्तराखंड में श्रावण मास में पड़ने वाले हरेला का अधिक महत्व है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राम मेहरोत्रा, राजकुमार यादव, कविता यादव, मनोज प्रजापति, ,राजकुमार सेठी समेत तमाम पार्षद व भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी मौजूद रहे।



# बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करें : जोशी

बाजपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद प्रभारी एवम ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने गुमसानी तथा चकरपुर पहुंचकर लेबड़ा नदी के कम बहाव के कारण उत्पन्न जल भराव की स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने निरीक्षण के पश्चात कहा कि व्यक्ति का जीवन अनमोल है और आपदा के समय किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। उन्होंने कहा कि बाजपुर में जल भराव की स्थिति मानव जनित है क्योनि लेबडा नदी जोकि 12 मीटर चौड़ी थी, उसकी वर्तमान में चौड़ाई 2 से 4 मीटर तक सिमट गई है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का स्थायी समाधान करना है ताकि भविष्य में पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी कार्य योजना तैयार की जाए, जिससे की इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो और यह तभी संभव है जब सॉलिड कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में सरकार जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी को बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का आंकलन कर, रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा को रोका नहीं जा सकता बल्कि उसके प्रभावों को अवश्य कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपदा संबंधित जो भी प्रस्ताव शासन को भेजे जाएं, उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जानकारी दे ताकि प्रभावी ढंग से शासन में पैरवी की जा सके। उन्होंने काशीपुर तथा बाजपुर में बाढ़ से निपटने हेतु प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए डीएम, एसएसपी सहित बचाव एवम राहत कार्य में लगी सभी टीम को बधाई दी। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि समस्या का एक साल के भीतर समाधान हो जाएगा। बैठक में पत्रकार अमित सैनी ने जल भराव के विभिन्न कारणों तथा समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य विकास विशाल मिश्रा ने कहा कि दिए गए दिशाख्रनिर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा। बैठक में बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, राजेश कुमार, पंकज कालड़ा, डीएम उदय राज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# नदी मेंबहने से दो युवतियों की मौत

पौड़ी। सतपुली के पास सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। दंगलेश्वर मंदिर घाट पर स्नान करते समय दो लड़किया नदी में बह गईं। हादसे में दोनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोनों लड़कियां अपनी सहेलियों के साथ दंगलेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के लिए गई थीं। जिससे पहले वह घाट पर नयार नदी में स्नान करने लगीं। इसी दौरान उनका पैर फिसला और वह दोनों बह गईं। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय तैराकों ने दोनों की खोजबीन शुरू की तो दोनों घाट से एक किलामीटर दूर मिलीं। लेकिन तब तक एक युवती की मौत हो चुकी थी। वहीं, किशोरी की हालत गंभीर देखते हुए उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आज सुबह 6:00 बजे सतपुली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो बालिकायें दंग्लेश्वर महादेव मंदिर में जल चढाने गयी थी। जल चढ़ाने से पूर्व नयार नदी में नहाते समय उनका पैर फिसला और वह दोनों बह गईं। । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों बालिकाओं को दंग्लेश्वर महादेव मंदिर से लगभग डेढ किमी0 सतपुली पौड़ी मुख्य हाईवे पुल के पास से मृत अवस्था में पुलिस, राजस्व टीम व स्थानीय व्यक्तियों की मदद से रेस्क्यू किया गया। उक्त दोनों मृत बालिकाओं के शवों को उप जिला चिकित्सालय सतपुली भेजा गया। जिनके पंचनामा की कार्यवाही राजस्व पुलिस द्वारा की जा रही है।

## हरेला पर्व पर विशेष: पहाड़ों की छटा निराली है

पहाड़ों की छटा निराली है, चारों तरफ हरियाली है।
ऊंचे -नीचे खेतों में फसल बोने की तैयारी है,
अब आने वाली खुशहाली हैं।
कृषकों ने भी मन में ठानी हैं, भरपूर फसल उगानी है।
पहाड़ों की छटा निराली है, चारों तरफ हरियाली है।।
देवों की धरती न्यारी है,हर किसी के मन को लुभाती है।
जो भी आता है इसके आंचल में, सबको गले लगाती है।
पहाड़ों की छटा निराली है,चारों तरफ हरियाली है।
बूढ़े , बच्चे, युवा और नारी, कर्मठता के सब हैं पुजारी।।
गेहूं, धान, मडुवा और गहत, हर एक फसल उगानी है।
पहाड़ों की छटा निराली है, चारों तरफ हरियाली है ।।
कुमाऊं, गढ़वाल के हर घर से,अन्न -धन की कमी मिटानी है,
यह बात सभी ने मानी है,भोले की कृपा आनी है।
देवों का वास है कण -कण में, कृपा बरसेगी हर घर में ।।
पहाड़ों की छटा निराली है, चारों तरफ हरियाली है।।

**-डा.शशि बाला वर्मा**
**प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय पोखरी क्वीली, नई टिहरी**

# महानगर कांग्रेस ने गोल्ड मेडलिस्ट रवि पाल को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। युगांडा में आयोजित पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे ट्रांजिट कैम्प निवासी पैरा शटलर रवि पाल का महानगर कांग्रेस कमेटी ने महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने रवि पाल और उनके माता पिता को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रवि पाल ने विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर रुद्रपुर का ही नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। रवि पाल की इस उपलिब्धि से पूरा शहर गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि आज रूद्रपुर के खिलाड़ी लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। यह भविष्य के लिए शुभ संकेत है। उन्होने कहा कि रविपाल से अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। सीपी शर्मा ने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, महानगर कांग्रेस के महामंत्री सुनील आर्या, अर्जुन विश्वास, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, सुरेश यादव, ओमप्रकाश गंगवार, श्याम कोली, रमेश बोरा, बाबू विश्वकर्मा, प्रेमपाल, कमल सैनी, जीत सिंह, दीपक पाल आदि भी मौजूद रहे।



# नवीन वर्मा निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष व प्रकाश मिश्रा महामंत्री निर्वाचित

## प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रादेशिक चुनाव 2023 में प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री पद हेतु गत दिवस एक एक नामांकन दाखिल होने के पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद गोयल ने आज चुनाव कार्यालय सरस मार्केट में अध्यक्ष पद पर नवीन वर्मा और महामंत्री पद पर प्रकाश चंद्र मिश्रा के निर्विरोध निर्वाचन की विधिवत रूप से घोषणा कर दी। साथ ही दोनों नव निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन पत्र सौंपकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवीन वर्मा निरंतर दूसरी बार प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। गौर तलब है कि प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु नवीन चंद्र वर्मा, माधव प्रसाद सेमवाल एवं मनोज अरोड़ा ने नामांकन प्रपत्र खरीदे थे। प्रदेश महामंत्री पद हेतु प्रकाश चंद मिश्रा, दिनेश डोभाल, हर्षवर्धन पांडे, निर्मल सिंह हंसपाल एवं उपेंद्र असवाल ने नामांकन प्रपत्र खरीदे थे। जिनमें अध्यक्ष पद के लिए नवीन चंद्र वर्मा तथा महामंत्री पद के लिए प्रकाश चंद्र मिश्रा ने ही नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद गोयल, चुनाव अधिकारी राजेश अग्रवाल, सुरेश बिष्ट, गुलशन छाबड़ा एवं चुनाव संचालन समिति के रावेल आनंद एवं नगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, युवा इकाई के अध्यक्ष सौरभ भट्ट, यमुना घाटी, टिहरी, देहरादून, ऋषिकेश, रुड़की, पौड़ी, श्रीनगर चमोली ,रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रानीखेत, अल्मोड़ा, नैनीताल, उधम सिंह नगर,काशीपुर असवाल, माधव प्रसाद सेमवाल राज कुमार भुड्डी, सुरेन्द्र सिंह कंडारी, सौरभ भूषण शर्मा आदि उपस्थित थे। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद गोयल द्वारा अध्यक्ष तथा महामंत्री पद के निर्वाचन की घोषणा करते ही व्यापारियों ने




श्रीमती शांति जीना, नैनीताल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, पिथौरागढ़ जिलाध्यक्ष पवन जोशी, महामंत्री जनक जोशी, रुद्रप्रयाग जिलाध्यक्ष अंकुर खन्ना, अल्मोड़ा से किशन गुरुरानी, हर्षवर्धन पांडेय, रुपेन्द्र नागर, जिलों ने प्रतिभाग किया। इस उपलक्ष पर प्रदेश संगठन के संरक्षक बाबूलाल गुप्ता एवं अनिल गोयल उपस्थित थे। नामांकन प्रक्रिया में ओमप्रकाश अरोड़ा, सुभाष कोहली, महेश जोशी, विपिन नागलिया, सुरेंद्र प्रभाकर, उपेंद्र अध्यक्ष नवीन वर्मा तथा महामंत्री प्रकाश मिश्रा को फूल मालाएं पहनाकर उनकी जीत की खुशियां मनाई। प्रदेश अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि उनकी जीत प्रदेश के हर व्यापारी की जीत है। वह पूर्व की भांति सभी को साथ लेकर कार्य करेंगे।

# स्थापना दिवस पर भाविप ने पालम सिटि में किया पौधा रोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष में पौधारोपण का कार्यक्रम पालम सिटी में किया गया। इस मौके पर 50 विभिन्न पौधे जैसे नीम, तेजपत्ता, गुलमोहर, जामुन, आम इत्यादि का रोपण सदस्यों द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने वृक्षों का महत्व बताते हुए पौधों की सुरक्षा का संकल्प किया तथा कहा कि पर्यावरण की




सुरक्षा के लिए भारत विकास परिषद भविष्य में भी निरंतर इस काम को करता रहेगा। इस मौके पर संयुक्त रीजनल महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल ने बताया कि पूरे देश में परिषद स्थापना दिवस पखवाड़ा आयोजित कर रहा है। जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण, चिकित्सा शिविर आदि कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल, मयंक मित्तल, गीतू केसरवानी , मीनू गुप्ता, राजकुमारी अग्रवाल, शिखा, डॉ. अतुल राजपाल, शाखा उपाध्यक्ष विवेक कश्यप, पंकज अग्रवाल, मनोहर केसरवानी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# हजारों की नगदी सहित तीन जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में सार्वजनिक रूप से जुआ खेलते तीन जुआरियो को थाना पुलिस द्वारा हजारों की नगदी व ताश पत्ते सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष वनभूलपुरा नीरज



भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा पुलिस टीम द्वारा तीन जुआरियों की सार्वजनिक स्थान गौला पार्किंग पर जुआ खेलते पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मो. इग्लास पुत्र फूल खान निवासी लाइन 18 वार्ड 24 बनभूलपुरा, मौ. आरिस पुत्र सदाकत हुसैन निवासी लाइन नंबर 17 वार्ड 24 बनभूलपुरा तथा मौ. तालिब पुत्र मो. नसीम निवासी लाइन नंबर 16 वार्ड 23 वनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते व फड़ से नगद 2230 रु0 बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए तीनौ जुआरियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बहुद्देश्यीय शिविर में दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि जीवन कार्की, समाजसेवी गोविंद बिष्ट और स्थानीय पार्षद राधा आर्या ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी ने आम जनमानस की सुविधा हेतु विधायक सुमित हृदयेश के प्रयासों की सराहना की। विधायक श्री हृदयेश ने व्यक्तिगत कार्य से शहर से बाहर होने के बावजूद भी लगातार मोबाइल कॉल के जरिये शिविर के सफल संचालन की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। उन्होंने सभी को उत्तम स्वास्थ्य के लिए जागरूक रहने और सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही।सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल चंद्र आर्या ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा महिलाओं की पुत्रियों हेतु



शादी अनुदान, अंतर्जातीय विवाह, अटल आवास, छात्रवृत्ति आदि योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को विस्तार से मुहैया करायी। शिविर में पेंशन संबंधी कई शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से नेत्र, ईएनटी, अस्थि रोग, मनोचिकित्सक विभागों के विशेषज्ञों द्वारा मौके पर कई लोगों की जांच एवं नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया।जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद डीडीआरसी द्वारा मौके पर कई दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाये गये। 200 से ज्यादा स्थानीय लोगो द्वारा शिविर का लाभ लिया गया। राजपुरा क्षेत्र की पार्षद राधा आर्या ने बहुद्देश्यीय शिविर के लिए विध ायक सुमित हृदयेश का आभार व्यक्त करते हुवे जिलाधिकारी सहित शिविर में मौजूद अधिकारियों को धन्यवाद किया। शिविर में डॉ. एनसी तिवाड़ी, डॉ हिमांशु कांडपाल (मनोचिकित्सक), डॉ. केएस दताल (नेत्र रोग), डॉ. पीसी पंत (अस्थि रोग), डॉ. चारुलता (ईएनटी), डॉ. अनुष्का सावंत, राहुल आर्या (समाज समाज कल्याण अधिकारी), संजय बिष्ट (स. अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी), राजेश (डीडीआरसी), अभिषेक, कमल तिवाड़ी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, शोभा बिष्ट, मलय बिष्ट, विनोद कुमार, राजो टंडन, विक्रम रंधावा, त्रिलोक बनोली, सूरज प्रकाश, एडवोकेट धर्मवीर भारती, दिनेश चौहान, हेमन्त साहू, इशरत अली, शानू वारसी, सुजल सचिन, शानू अल्वी, अविनाश रंधावा, राजू चौहान, सतनाम सिंह, संदीप भैसोड़ा, संजय उप्रेती, करन आर्या आदि ने मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय बास्केटबाल टीम का चयन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला बास्केटबॉल संघ, उधम सिंह नगर के सचिव रमेश चन्द्र लोहनी ने बताया कि कल दिनांक 17 जून 2023 दिन सोमवार को साय: 3 बजे से श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम, रुद्रपुर में जिला बास्केटबाल एसोसिएशन, उधम सिंह नगर द्वारा जिले की अंडर 14 आयुवर्ग बालक एवं बालिका की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय बास्केटबॉल टीम का चयन किया जाएगा। ओर उन्होंने आगे कहा कि प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों का जन्म दिनांक 1 जनवरी 2010 या उसके बाद का हुआ हो, वे इस चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं । चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति साथ लेकर आना अनिवार्य है स चयनित खिलाड़ी दिनांक 23 जुलाई दिन रविवार को देहरादून में होने वाली राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगीता मे भाग लेंगे । इच्छुक खिलाड़ी श्रीमती सुधा जोशी एनआईएस बास्केटबाल प्रशिक्षक, रमेश चंद्र लोहनी एनआईएस प्रशिक्षक, हरीश तुरेहा सीनियर नेशनल खिलाड़ी एवं सावन मेहरोत्रा स्टेट रेफरी से संपर्क कर सकते हैं स इस चयन प्रक्रिया के दौरान उत्तराखंड बास्केटबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ–नागेंद्र शर्मा , जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल भी उपस्थित रहेंगे।

# स्वच्छ पर्यावरण में अपना योगदान देने के लिए पौधारोपण करने की अपील

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने लोक पर्व हरेले की बधाई देते हुए प्रदेशवासियों से स्वच्छ पर्यावरण में अपना योगदान देने के लिए पौधारोपण करने की अपील की।श्री भट्ट ने कहा कि आज स्वच्छ पर्यावरण मानव जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण इसलिए हैं की वृक्षारोपण को अपने जीवन का आधार बनाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। शुद्ध हवा शुद्ध पानी और सामान्य वातावरण केवल वृक्षारोपण से ही संभव है इसलिए हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को भी वृक्षों का पर्यावरण के प्रति महत्व बताते हुए उन्हें वृक्षारोपण को अपने जीवन में आधार बनाकर संकल्पबद्ध करना होगा। श्री भट्ट ने कहा कि रासायनिक कचरा भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है इसलिए प्लास्टिक का उपयोग कम से कम हो ऐसा सुनिश्चित करना सामूहिक दायित्व होना चाहिए। साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को हरा–भरा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से हरेले पर्व के अवसर में वृक्ष लगाकर पर्यावरण के प्रति अपने नैतिक दायित्व निभाने की अपील की।

# युवा व्यापार मंडल के राजीव जिलाध्यक्ष व गौरव महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता टीटू और जिला महामंत्री मनीष साह ने संगठन का विस्तार अभियान के तहत ज्वेलर कारोबारी राजीव वर्मा को युवा इकाई का जिलाध्यक्ष और लोहा कारोबारी गौरव अग्रवाल को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। यह जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया संगठन की मजबूती के लिए ही यह अभियान चलाया जा रहा है । इसमें उन लोगो को ही स्थान मिलेगा जो व्यापारी हितों के लिए संघर्ष और सामाजिक हित के कार्य में बड़चढ़ कर भागीदारी करेगा। दोनो पदाधिकारियों के मनोनयन पर महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री मनोज जोशी, सह सयोजक देवेश अग्रवाल, प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, किशोर बलुटिया, परबजोत चंडोक, आसिफ सिद्दकी, संजय वर्मा, सुशील मोंगिया, सुनील बमेठा, अस्मित गुजराल, रामप्रसाद कश्यप, चमन गुप्ता, गोविंद मंगल, कुंदन रावत, राजेंद्र मुन्ना, अशोक वार्ष्णेय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डीएल में मेरे पिता का नाम सतीश चन्द्र शर्मा दर्ज है। जबकि मेरे पिता का नाम पोशाकी लाल (POSHAKI LAL)है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अत: भविष्य में मेरे पिता को पोशाकी लाल (POSHAKI LAL)के नाम से जाना पहचाना जाये।

**हरि ओम शर्मा पुत्र श्री पोशाकी लाल**
**निवासी- दलेल नगर ,नवाबगंज,**
**जिला बरेली( उत्तर प्रदेश )**

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन, उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें





समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन खेड़ा
पार्षद वार्ड नं.32
भूरारानी, रूद्रपुर





समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश गौरी
पार्षद वार्ड नं.1
फुलसुंगा, रूद्रपुर

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक–30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड, रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे–7248133444,8476003072


समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार
पार्षद वार्ड नं. 40,
सिडकुल क्षेत्र, रूद्रपुर


रजनी रावत
पार्षद वार्ड नं. 26, सीरगोटिया,
माडल कालोनी, रूद्रपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

शैलेन्द्र रावत
भाजपा नेता, रूद्रपुर

# प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

## आपदा राहत कैंप पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों से मिलकर सौंपे अहेतुक धनराशि के चेक




काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद प्रभारी एवम ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने काशीपुर पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और जनता की समस्याएं सुनी। उन्होंने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हेमपुर स्माइल पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का गहनता से निरीक्षण किया और स्थानीय जनता से बात करते हुए विस्तार से समस्याएं सुनी।उन्होंने राध ेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाए गए आपदा राहत कैंप पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों से मिले तथा प्रभावितों से राहत कैंप में भोजन, बिजली, पानी आदि आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सभी प्रभावितों ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए जल भराव से स्थायी निजात हेतु कार्य की मांग की। जिसपर श्री जोशी ने स्थायी समाधान हेतु पिचिंग कार्य कराने तथा रोड निर्माण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अपने 39 साल के राजनेतिक करियर में पहली बार ऐसा देखा है की आपदा प्रभावित लोग सरकार व प्रशासन पर आक्रोशित नहीं हैं, बल्कि अब तक किए गए कार्यों से संतुष्ट हैं। उन्होंने राहत शिविर में 42 परिवारों को 5–5 हजार रुपए के अहेतुक धनराशि के चेक प्रभावितों को दिए। इस दौरान विध ायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर उषा चौधरी, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार यूसुफ अली, जिलाध्यक्ष बीजेपी गुंजन सुखीजा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, पंकज कालड़ा, गुरविंदर सिंह चंडोक आदि उपस्थित थे।

गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES

AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो– 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो– 9690256666
पिली कोठी मो– 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो– 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो–7455045084
रामनगर रोड मो–9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो–9927850999




## दो मासूम बच्चों के साथ महिला लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। दो मासूम बच्चों के साथ एक महिला बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला व बच्चों का पता लगाना शुरू



किया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम रामजीवनपुर निवासी 21 वर्षीया शबनम नामक महिला बीते 13 जुलाई को अपने दो मासूम बच्चों के साथ परिजनों को बगैर बताए कहीं चली गई। काफी देर तक वापस घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर महिला की तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला का पता लगाना शुरू किया है।

## सड़क हादसे में दो भाई घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः बिलासपुर मार्ग पर एक सड़क हादसे में बाईक सवार दो भाई घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मनीपुर चमरउवा बिलासपुर निवासी दो भाई शाहरूख और नदीम बाईक पर सवार होकर यहां अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे। मार्ग में तेज गति से आती बाईक के अज्ञात चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाईयों को चोटें आ गईं। उनका जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार किया गया।

## चाकू के साथ संदिग्ध दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। अपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत की चहलकदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा चालान करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी के मुताबिक रोजाना की भांति पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान उसने सीतारामपुर श्मशान घाट के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए मोहल्ला काजीबाग काशीपुर निवासी मोहम्मद मुकीम पुत्र मोहम्मद यामीन को दबोच लिया।

# डोराडाम में दस लाख की लागत से निर्मित लंगर हाल का किया उद्धघाटन





किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के द्वारा डोरादाम नाजिमाबाद में विधायक निधि से निर्मित कराए गये लंगर हाल का उद्धघाटन किया गया। रविवार को विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ डोराडाम में गुरुद्वारा साहिब में चल रहे अखंड पाठ में शीश नवाया और क्षेत्रवासियों की कुशलता की अरदास की, गुरुद्वारा प्रबंधक ने गौरव बेहड़ को सरोपा भेट कर गुरु घर का प्यार उन्हें दिया इसके पश्चात विधायक निधि से 10 लाख की लागत से निर्मित कराये गये लंगर हाल का उद्घाटन गौरव बेहड़ द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर गौरव बेहड़ ने कहा की क्षेत्र में विकास के कार्य बड़ी तेजी से करायेजा रहे है विधायक जी हर क्षेत्र का बराबर ध्यान रख कर कार्यों को करा रहे है। डाम का क्षेत्र जो की उपेक्षाकृत काफी पिछड़ गया हैं यें विकास की दृष्टि में हमारी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आता हैं तथा हमारा दायित्व बनता हैं की किच्छा के साथ हि इस क्षेत्र में तरक्की हो यहाँ अधिक से अधिक साधन उपलब्ध कराये जाये, इसके पश्चात गौरव बेहड़ ने वहां सभी के साथ लंगर किया और सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ग्राम प्रधान मीना साहनी ,सुरजीत सिंह, बलदेव सिंह, बलवंत मनकीया, गोपाल सिंह नेगी, राक्षपाल सिंह,भजन सिंह,डाक्टर सावन लख्हा सिंह, मंगल सिंह,लाहौर राम, सुखविंदर सिंह चीमा, बलजीत सिंह, सबेग सिंह,दानिश मलिक, दीप हँसपाल, दलजीत कक्कड़, डिम्पल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# पौधरोपण के साथ उनका संवर्धन व संरक्षण को जरूरी : उदयराज

पंतनगर(उद संवाददाता)। हरेला के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा एवं उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से बायोटेक परिसर, हल्दी में पौधारोपण किया। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने पौध रोपण के साथ उनका संवर्धन व संरक्षण को जरूरी है। वहीं हल्दी में पौधरोपण व वितरण करके हरेला पर्व को धूमधाम से मनाया गया।उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार और उत्तराखंड वन अनुसंधान संस्थान, हल्द्वानी के वन क्षेत्राधिकारी मदन सिंह बिष्ट एवं अभ्युदय वात्सल्यम, उत्तराखंड के नेतृत्व में हरेला पर्व पर हल्दी आवासीय परिसर में पौधरोपण व पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। परिसर वासियों संग मिलकर जामुन, हरसिंगार, अमलतास, अश्वगंधा, सर्पगंधा, लेमनग्रास, कासनी,



आंवला, नीम, पीपल, बरगद आदि के 150 पौधे रोपे और वितरित किए। जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार नें बताया कि बेहतर भविष्य पेड़-पौधों एवं पर्यावरण पर निर्भर है, इसलिए पर्यावरण व जैव विविधता संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। आमजनमानस को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए जागरूक किया। वहीं वन क्षेत्राधिकारी, हल्द्वानी मदन सिंह बिष्ट नें आयुर्वेदिक पौधों की रोग उपचार में उपयोगिता को विस्तार से बताया। उन्होंने जुलाई से अगस्त माह को पौधरोपण के लिए अनुकूल और बेहतर समय बताया। कार्यक्रम के समन्वयक वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन नें बताया कि पौधरोपण से भूगर्भीय जल की उपलब्धता बनी रहती है और पर्यावरण के गुणवत्ता में सुधार भी होता है। पौध वितरण में मुकुल सिंह का विशेष योगदान रहा। यहाँ मुकुल सिंह, विजय शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, नेहा सेन, सोनम, महेश श्रीवास्तव, मोहित सक्सेना, छवि पांडेय, असलम, अनुज चौधरी, शशिकांत मिश्रा, अनिल यादव, छटी राम, मवासी राम, श्रीकांत, गंगा सागर गुप्ता, शैलेश यादव, जितेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार व बब्बन उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सब्जियों के बढ़ते दाम

खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेजी को इस मौसम में एक स्वाभाविक चक्र माना जाता है।पिछले कुछ समय से बाजार में लगातार महंगाई के बढ़ते रुख ने समाज के सभी तबकों को प्रभावित किया है। मगर निम्न आय वर्ग के लोगों के सामने ज्यादा मुश्किल आई, जिन्हें अपने रोजमर्रा के खर्चों में कई स्तरों पर कटौती करनी पड़ी। खासकर खाने-पीने की चीजों की कीमतों ने आम लोगों से लेकर सरकार तक के माथे पर शिकन पैदा कर दी थी। इस मुश्किल से निपटने के लिए सरकार की ओर से कई स्तर पर प्रयास किए गए, लेकिन महंगाई के आंकड़े आंख-मिचौली खेलते रहे। हालांकि बाजार में उथल-पुथल के बीच कीमतों में तेजी के लिए कई कारक जिम्मेदार रहे और उसका सीधा असर जरूरी वस्तुओं की खुदरा कीमतों पर पड़ा। अब वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों में थोक महंगाई का रुख नीचे की तरफ हुआ है।इसके मुताबिक, जून लगातार तीसरा महीना है, जब थोक महंगाई शून्य से नीचे आ गई। खाने-पीने की वस्तुओं, ईंधन, वस्त्रों और निर्मित उत्पादों की कीमतों में गिरावट की वजह से थोक महंगाई में यह गिरावट शून्य से 4.12 फीसद नीचे पहुंच गई है। इसे पिछले आठ साल में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है। इससे पहले मई में यह शून्य से 3.38 फीसद और अप्रैल में शून्य से 0.92 फीसद नीचे रहा था। थोक महंगाई की दर में कमी होने के बाद यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अब बाजार में वस्तुओं की खुदरा कीमतों में भी नरमी आएगी। मगर कई बार थोक महंगाई में गिरावट के बावजूद खुदरा मूल्य पर उसका ज्यादा असर नहीं पड़ता है। मसलन, थोक महंगाई में तो नरमी का रुख देखा गया, लेकिन बाजार में खुदरा कीमतें ऊंची बनी रहीं। खाने-पीने के सामान और खासकर सब्जियों के दाम की वजह से सभी घरों का बजट बिगड़ा रहा।हालत यह है कि टमाटर जैसी ज्यादातर सब्जियां साधारण आमदनी के लोगों की खरीदने क्षमता से दूर हैं। खाना-पीना चूंकि रोजमर्रा की अनिवार्य आवश्यकता है, इसलिए इसकी वजह से लोगों के सामने अपने अन्य खर्चों में कटौती तक की नौबत है। ऐसे में थोक महंगाई में कमी का असर अगर जरूरी सामान की खुदरा कीमतों पर भी पड़े, तभी इसे आम लोगों के लिए राहत के तौर पर देखा जा सकेगा। गौरतलब है कि जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक बढ़ कर 4.81 फीसद पर पहुंच गया था। तब भी सबसे ज्यादा उछाल सब्जियों की कीमतों में ही आई थी।खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेजी को इस मौसम में एक स्वाभाविक चक्र माना जाता है। लेकिन इसी दौरान सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी मौसमी रुझान से इतर है। हालांकि इसका कारण भी मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से आपूर्ति शृंखला पर पड़ने वाले असर को माना जा सकता है। लेकिन इस समस्या का हल निकालना संबंधित सरकारी महकमों की जिम्मेदारी होती है। यों, जरूरी चीजों में महंगाई का यह रुख अकेले भारत में नहीं है। दुनिया के कई देश इस समस्या से जूझ रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के लंबा खिंचने का सबसे ज्यादा असर खाने-पीने की चीजों की आपूर्ति पर पड़ा है। जाहिर है, मौसम की वजह से पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के साथ आपूर्ति में बाधा से जुड़ी हुई कड़ियां ही थोक और फिर खुदरा बाजार को प्रभावित करती हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इन मसलों का व्यावहारिक हल निकालेगी और महंगाई को लेकर संतुलन बनाने का प्रयास करेगी।

# होनहार छात्र सुब्रत सरकार ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म के व्यावसायी संजय सरकार व भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा महामंत्री गीता सरकार के पुत्र सुब्रत सरकार ने पंत नगर विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में 5 वा रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन



किया ।सुब्रत ने क्षेत्र के ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त किया।पूर्व से ही पढ़ाई में अव्वल रहे । सुब्रत अपने पढ़ाई को लेकर गंभीर रहते थे।ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नवीन जोशी सहित स्कूल स्टाफ ने सुब्रत के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी।इस उपलब्धि पर अपने माता पिता व गुरुजनो को श्रेय दिया।सुब्रत डॉक्टर बनकर सेवा करना चाहते है। आज भाजपा मण्डल अध्यक्ष विष्णु प्रामाणिक के अगुवाई में भाजपा के कार्यकर्ता इनके आवास में पहुँचकर मिठाई खिलाकर एवम माला पहनाकर बधाई दी ! इस अवसर पर मयंक अग्रवाल ,रवि मजूमदार , देबू माण्डल और लीलिमा मजूमदार आदि उपस्थित रहे !

# पर्यटकों की कार खाई में गिरी दो भाईयों की मौत, पांच घायल

नैनीताल(उद संवाददाता)। कालाढूंगी नैनीताल मार्ग पर रविवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। प्रिया बैंड पर यूपी के पर्यटकों की कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, पांच लोग घायल हो गए। घायलों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 11 बजे गोरखपुर के परिवार के सात लोग कार संख्या नच51-1829 से नैनीताल की तरफ जा रहे थे। इस दौरान अचानक प्रिया बैंड पर उनकी कार अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। हादसे में राहुल श्रीवास्तव(35) व राजीव श्रीवास्तव(30) पुत्र प्रेमचंद की



मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे की सूचना पुलिस को सुबह मिली। सूचना मिलते ही टीम ने मृतकों व घायलों को गहरी खाई से निकाला। साथ ही मृतकों का पंचनामा भरकर घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। घायलों में आकाश श्रीवास्तव(22) पुत्र अरविंद श्रीवास्तव।रानी (52)पत्नी प्रेमचंद।शालू पत्नी(30) राहुल श्रीवास्तव प्रेमचंद (56) मिष्ठी(ढाई वर्ष) पुत्री राहुल श्रीवास्तव शामिल बताये जा रहे है।

# हेला पर्वपर ओमेक्स कालोनी में किया पौधारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरेला पर्व पर आज वीर सावरकर शाखा द्वारा ओमेक्स कालोनी के सेंट्रल पार्क में प्रातः पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे अनेक प्रजातियों के पौधों का रोपण कर कालोनी के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी व पर्यावरण संरक्षक भारत भूषण चुघ ने कहा कि कालोनी में हरेला पर्व के साथ ही विभिन्न अवसरों पर वृक्षारोपण किया जाता है। साथ ही छोटे बच्चों में भी इस पर्व पर प्रकृति के प्रति प्रेम जागृत हो सके इस हेतु उनका योगदान के रूप में गौरैया पक्षी के लिए घोसला बनाने को प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा बच्चे अपने घर से पक्षी हेतु सुविधा अनुसार घोंसला बना कर लाए। अच्छा हो अगर घोंसला किसी रद्दी पुराने डिब्बे प्लास्टिक की बोतलों से बना हो और उसने जूट या नारियल के जटाओं का इस्तेमाल हुआ हो तो यह गौरैया पक्षी के लिए अनुकूल रहेगा। श्री चुघ ने कहा प्रकृति हमारी माँ है। प्रकृति हमे प्राण वायु से लेकर हमारे जीवन चक्र को संतुलित रूप में संचालित करने लिए , हमारी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मदद करती



है। उसी मदद का आभार प्रकृति की रक्षा और पूजा के रूप में प्रकट करने का पर्व है हरेला। उन्होंने कहा हरेला पर्व के दिन पौधे लगाकर प्रकृति के सवर्धन में अपनी तरफ से एक छोटा सा योगदान देकर प्रकृति के चिरायु रहने की कामना की जाती है। इसी क्रम मे प्रकृति के सन्तुलन हेतु गौरैया पक्षी का संवर्धन अतिआवश्यक है। श्री चुघ ने कहा धर्म पुराणों के अनुसार, गौरैया पक्षी साहस और सावधानी के प्रतीक के रूप में माना जाता है। यह पक्षी आपको जीवन की परेशानियों में साहस दिखाना सिखाता है,साथ ही खुशियों की अहमियत याद दिलाने के लिए ये पक्षी आपके जीवन में आते हैं कुछ अन्य जानकारों का मानना है कि पक्षी घर में सद्भावना का संदेश लेकर आते है।अगर समय रहते इन खूबसूरत पक्षियों के संरक्षण के लिए सही उपाय नहीं किए गए तो वह दिन दूर नहीं जब ये विलुप्त हो जाएंगे। पक्षी वैज्ञानिकों के अनुसार लोगों को अपने घरों में गौरैया को याद करने के लिए कुछ ऐसी जगह उपलब्ध करानी चाहिए जहां वे आसानी से अपना घोंसला बना सकेंस हमें उनके जीवन की रक्षा के लिए कुछ उपाय करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर विशाल खेड़ा, राकेश चौहान, नीरज त्यागी, राकेश जुनेजा, सुनील शर्मा, चेतन बंसल, नित्य प्रकाश अग्रवाल राहुल यादव, ललित गोयल, इंद्रसेन खेड़ा, ओमप्रकाश चावला, संतोष रगोड़े, योगेश लाम्बा,सुनील झावर व राजेश शर्मा सहित तमाम कालोनीवासी मौजूद थे। पौधा रोपण कार्यक्रम में उत्कर्ष बैंक का विशेष योगदान रहा।

# शिवालयों में भक्तो ने किया जलाभिषेक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। पवित्र माह सावन के दूसरे सोमबार को भोर काल से शिवालयों में भक्तो का लगा तांता। क्षेत्र के सुरेंद्र नगर स्तिथ तारक नाथ धाम,बैकुंठपुर के तारकेश्वर धाम,बाजार के शिव मंदिर आदि शिवालयों पर प्रातः 5 बजे से ही लम्बी कतारे लगना शुरु हो गया। शिव भक्त बेल पत्र,फूल,जल,फल आदि सामग्री लेकर मंदिर पहुँचे, भक्तो ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। तारक नाथ धाम मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ को देखते हुये पूजा कमेटी ने सभी भक्तो की आस्था को देखते हुये



,सुंदर व्यावस्था किया।इस मौके पर तारक नाथ धाम पूजा कमेटी के सुमित मंडल,अमित राय,सुशान्त राय,विधान शील,अनंत हालदार राजीव मिरवर,आशीष हालदार तापस मंडल ,जगदीश मंडल राजू हालदार,अशोक पल्ले मिथुन मंडल,विक्की बैरागी विजय सिकदर,सुकुमार विश्वास सपन हालदार,राजा हालदार सुनील विश्वास,दीपक बड़ाल, संतोष राय,सत्येंद्र हालदार,निर्मल मिस्त्री,रंजीत हालदार, उत्तम शील,गिरिधारी मल्लिक,जयदेव हालदार,गोपाल सरकार आदि लोग मौजुद थे।

# आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया हरेला पर्व

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी चंद्रकला राय एवं आईटी प्रभारी रितु अग्रवाल ने ग्राम प्रीत नगर के आंगनवाड़ी केंद्र में हरेला पर्व के अवसर पर आम,नीम, पीपल आदि फलदार और छायादार पौधे लगाए और सभी को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी।जिला मीडिया प्रभारी चंद्रकला राय ने कहा षकि जल,पर्यावरणआदि को बचाए रखने के लिए पेड़ों के



महत्व को समझना होगा।हरेला पर्व हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प लेना होगा।ष इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री बलजीत सिंह गावा,महिला अध्यक्ष दीपा राय , राजकुमार गगनेजा आदि मौजूद थे।

# हरेला पर्व पर जीआईसी में किया पौधारोपण

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में हरेला पर्व पर वार्ड पांच सभासद रवि रस्तोगी ने पौधारोपण किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को हरेला पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सभी को अपने अपने घरों के आसपास पौधे लगाने चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र पाठक, शिक्षक धर्मेंद्र चौबे, बीपी वर्मा, पंडित दिनेश भट्ट आदि मौजूद रहे। इधर नगरपालिका परिषद द्वारा भी हरेला पर्व के उपलक्ष में जगह जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी एवं समस्त सभासद एवं पालिका कर्मियों के साथ आदर्श अंबेडकर विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज, ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं पालिका कार्यालय में




फलदार वृक्षों का रोपण किया। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सितारगंज के आचार्य परिवार, भैया-बहिनों व अभिभावकों के द्वारा हरेला पर्व का कार्यक्रम वृक्षारोपण के रूप में मनाया गया। आचार्यों द्वारा गांव गांव जाकर भैया-बहिनों व उनके अभिभावकों से वृक्षारोपण कराया गया। इस अवसर पर भैया -बहिनों व अभिभावकों ने पौधे का संरक्षण एवं पालन पोषण करने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही एवं आचार्यों द्वारा ष्मेरा वृक्ष मेरा मित्रष का संकल्प कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमराव सिंह मनराल ने हरेला एवं पर्यावरण सप्ताह की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी से अपने घर में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य अमित खरे, सुनील पाठक, अरविंद शर्मा, रमेश जोशी, डॉ लोकेश गंगवार, दिनेश गंगवार, वेद प्रकाश, हेमराज राणा, यश पाल, हर्वेश कुमार, तनुज जोशी व कुलदीप चौहान सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# भारत विकास परिषद के कार्यक्रमों की दी जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, उत्तराखण्ड (पूर्व प्रान्त ) की प्रांतीय परिषद का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, विशिष्ट अतिथि अनुराग दुबलिश, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। भगवान सहाय ने संस्कार के कार्यक्रम भारत को जानो, राष्ट्रीय समूह गान एवं गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।क्षेत्रीय महिला एवं बाल संस्कार संयोजक पाला मेहता ने बाल संस्कार शिवर की उपयोगिता पर जानकारी दी।प्रांतीय संगठन सचिव डॉ. विनय खुल्लर ने प्रांत की विभिन्न शाखाओ में प्रवास की विस्तृत जानकारी दी। आरके गुप्ता ने स्वागतीय एवं प्रान्त के कार्यों का वर्णन किया।क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दुबलिश ने सेवा कार्यों की जानकारी दी।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा ने सदस्यता विस्तार एवं शाखा विस्तार पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। मंच संचालन महासचिव नरेश कंसल ने किया।अंत में नये विकास रत्न,




विकास मित्र बने शाखा काठगोदाम के विकास रत्न राहुल वार्ष्णेय एवं रामनगर के सिंघल, विकास मित्र नीरज, रेनू शारदा, दीपक, अलका माहेश्वरी, अनुज, सुजाता माहेश्वरी, रमेश शर्मा, ममता खुल्लर, गिरीश गुप्ता,पंकज गुप्ता, आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव रश्मि जैन, कोषाध्यक्ष दीपक बिष्ट, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विशाल, गरिमा सिंघल, सुनील, कनिका बमेटा, हरीश गोरा, राजीव रावत, दीपक अग्रवाल, गीतू केसरवनी, अभिषेक मित्तल, भवानी शंकर नीरज, रेणुका गर्ग, प्रयांशु बंसल, सचिन अग्रवाल, राजीव सेतिया, चंद्रेश भाटिया आदि मौजूद थे।

# दहेज लोभी ससुरालियों ने मासूम बच्चों सहित विवाहिता को घर से निकाला

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज में स्कॉर्पियो तथा दस लाख रुपयों नगदी ना मिलने पर लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को उसके मासूम बच्चों के साथ धक्के मारकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के उक्त मामले में तहरीर के आधार पर पति समेत आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी रचना पुत्री चुन्नीलाल ने बताया कि वर्ष 2008 की 9 अक्टूबर को उसका विवाह सेक्टर नंबर 22 मकान नंबर 56 फरीदाबाद हरियाणा निवासी पुनीत वाधवा पुत्र गुलशन कुमार वाधवा के साथ धूमधाम से हुई। इस दौरान दांपत्य जीवन की कुछ दिन ठीक-ठाक जीते लेकिन इसके बाद दहेज की खातिर ससुरालियों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा। लोक लाज के कारण विवाहिता चुप रही। उत्पीड़न की इंतहा करते हुए लोभी ससुरालियों ने विवाहिता का खाना पानी बंद कर दिया और उसे कपड़े लगते भी नहीं देते थे। इसी बीच उसने एक पुत्र को जन्म दिया लेकिन इसके बाद भी ससुरालियों का रवैया उसके प्रति नहीं बदला। वह लगातार स्कॉर्पियो तथा दस लाख रुपयों की डिमांड पर अड़े रहे। विवाहिता का आरोप है कि 2022 की 12 दिसंबर को दहेज की खातिर पति पुनीत, सास नीरू बाधवा, ससुर गुलशन कुमार, रितु शर्मा पत्नी पवन शर्मा, प्रियंका पत्नी अभिमन्यु, अभिमन्यु पुत्र अज्ञात, प्रदीप व अनीता ने आपस में एक राय होकर उसे दबोच लिया और दहेज की खातिर बुरी तरह मारपीट की। इसके अगले दिन 13 दिसंबर को उपरोक्त आरोपियों ने विवाहिता को उसके मासूम बच्चे के साथ धक्के मार कर घर से निकाल दिया। हालिया घटनाक्रम की बाबत पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 2 अप्रैल की शाम लगभग 3:00 बजे उपरोक्त आरोपी एक राय होकर उसके पिता की दुकान पर कुंडेश्वरी पहुंचे और उनके साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें आईआईएम के गेट के समीप ले गए। वहां उन्होंने पीड़िता को भी बुलवाया और दहेज न देने के एवज में मौत के घाट उतारने की धमकी दे दी। इस घटना के बाद से पीड़िता तथा उसका पूरा परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर दहशत में जीवन जीने को विवश है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सुप्रसिद्ध अभिनेत्री ऋतूपर्णा करेंगी इला दीदी का मंचन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। विश्वविख्यात बांग्ला लेखिका बेबी हालदार और सिनेमा,टेलीविजन की लोकप्रिय अभिनेत्री व प्रसिद्ध रंगकर्मी ऋतुपर्णा विश्वास प्रेरणा अंशु के 37वें वार्षिकोत्सव में बंगाली विस्थापित समाज की आपबीती पर लिखी किताब छिन्नमूल के विमोचन के अवसर पर रुद्रपुर के विशाल नजारा हॉल में 12 जुलाई को उपस्थित थी।भारी बरसात के बावजूद पूरा हाल खचाखच भरा था।इस अवसर पर स्त्री मुक्ति की थीम पर आधारित नाटक इला दीदी की एकल प्रस्तुति से उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए।इस नाटक के निर्देशक शुभेंदु बांग्ला फिल्म और टेलीविजन के चर्चित निर्देशक व अभिनेता हैं।छिन्नमूल उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के बंगाली समाज की ही नहीं,बल्कि भारत में पश्चिम बंगाल में बसे विभाजन पीड़ितों की भी आपबीती है,इतिहास है।यह



किताब हर बंगाली और हर मनुष्य को पढ़नी चाहिए।शक्तिफार्म के प्रबुद्ध नागरिकों ने शक्तिफार्म के ग्रीन वर्ल्ड स्कूल में 18 जुलाई मंगलवार साय 5 बजे को इलादीदी के मंचन की व्यवस्था की है। इस अवसर पर ऋतुपर्णा और शुभेंदु के अलावा कैंसर से जूझ रही लेखिका बेबी हालदार, छिन्नमूल के लेखक रूपेश कुमार सिंह और प्रेरणा अंशु के कार्यकारी संपादक पलाश विश्वास भी कार्यक्रम में शामिल होंगे । कार्यक्रम के आयोजक बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंकज रॉय और वर्तमान अध्यक्ष निर्मल सरकार ने जानकारी देते हुये बताया की ऐसे नाटको के मंचन से जहा बहुत कुछ सिखने को मिलता है,वही ज्ञानवर्धक भी है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगो से पहुंचने का अनुरोध किया।

# वृक्षारोपण कर मनाया हरेला का पर्व

खटीमा(उद संवाददाता)। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड का लोक संस्कृति पर्व हरेला वृक्षारोपण करके मनाया । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने संजय रेलवे पार्क शहीद स्थल आवास विकास पर नवनिर्मित रोडवेज बस अड्डे पर स्थानीय लोगों के साथ लक्षणों पढ़कर हरेला पर्व मनाया इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी ने कहा कि हरेला एक ऐसा त्यौहार है जो हमें प्रकृति के साथ जोड़ता है आज के दिन हम वृक्षारोपण करते हैं और वह वृक्ष बड़े होकर हमें जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं एक प्रकार का प्रकृति और मनुष्य के बीच एक ऐसा संबंध बनता है जिसमें हम प्रकृति की रक्षा करते हैं प्रकृति हमें जीवन देती है इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि उत्तराखंड का लोक संस्कृति पर मारेला अब केवल उत्तराखंड के पर्वतीय समाज के लोग ही नहीं अपितु देश में हर वर्ग हर समाज के



लोग हर जाति धर्म के लोग बड़ी धूमधाम से मनाने लगे हैं यह पर्व हमारे हमें हमारी संस्कृति से पहचान कराने का भी है इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जीवन धामी जिला महामंत्री सतीश गोयल वरिष्ठ भाजपा नेता कामिल खान मनोज शाही कैलाश भट्ट कपिल सामंत पुष्कर बिष्ट राहुल सक्सेना शादाब रजा संदीप कुमार विजय भारती बबलू, तारीक मालिक नीतू झाम गीता, बीना रावत, पार्वती दसोनी, सोनी दसोनि, यामिनी, अलका मिश्रा, शिल्पी अग्रवाल, आदि निवासी मोजूद थे।

# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने ग्राम मलसी में लगाये पौधे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हरेला पर्व के अवसर पर रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने ग्राम मलसी स्थित श्मशान घाट में विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधे लगाए। मलसी के शमशान घाट में पेड़ ना होने के कारण ग्रीष्मकाल में अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके मद्देनजर आज राइजिंग सदस्यों ने पीपल,बरगद,नीम, इमली सहित विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों छायादार पौधे लगाए। राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने हरेला पर्व की बध



ाई देते हुए कहा कि प्रकृति के सरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान जरूरी है और आज यह जरूरी हो गया है कि हर इंसान एक साल में पांच पौधे लगाना अपने जीवन का हिस्सा बना ले। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख ममता जलहोत्रा,विजय शंकर शुक्ला, पी के मौर्य,सुनील आर्य ,बलजीत गावा,राज गागनेजा,आलोक जैन, राजीव कामरा, मानस राय ,आलोक राय, विनीत पाठक, चंद्रकला राय, पिंकी तिवारी, मैरी थापा, गौतम थापा ,रितु अग्रवाल ,दीपा राय आदि लोग मौजूद थे।

# स्वयंसेवियों ने झा कालेज में किया वृक्षारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कालेजकी एनएसएस इकाई के स्वयंसेविओ ने हरेला पर्व के अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर आम, नीम, अमरूद , जामुन इत्यादि के पौधे रोपित किए गए।विद्यालय के प्रधानाचार्य डीके पांडेय ने स्वयंसेवकों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि हम सब का यह परम कर्तव्य है कि पृथ्वी को बचाने के लिए अधिक से अधि



क पौधे लगाएं। कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने हरेला पर्व के प्राकृतिक महत्व को समझाते हुए हरेला पर्व मनाए जाने की व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज प्रारंभ से ही प्रकृति को विशेष महत्व देते आए हैं, किंतु वर्तमान में मनुष्य ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रकृति का अत्यधिक दोहन किया है। जिस कारण आज अनेक प्राकृतिक समस्याएं उत्पन्न हो रही है तथा जनधन की अत्यधिक हानि हो रही है। इस अवसर पर राजपति बिंद, बीके सिंह, यतेंद्र सिंह यादव, डीके शुक्ला ,सीपी यादव, नर नारायण वर्मा, मोहम्मद लुकमान, रिशांक कुलासरी , शिवम, सनी , अजहर मोहित, रजत शर्मा, अमित, सुनील , दीपक सहित अनेक स्वयंसेवी उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष...

**ओमेक्स के फ्लैट...**होने की कोई रपट दर्ज नही की और न ही उनकी तहरीर की रिसिविंग दी गई। श्री दूबे की पत्नी वीना दूबे को घर में काम करने वाली मेड पर शंक है। उसका कहना है कि जब वह बाथरूम या किचन में गई होगी तभी मौका पाकर उसकी मेड ने आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया होगा। उन्होंने मेड पर शक जाहिर करते हुये पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। लेकिन आज 10 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। नगर की पॉश कालोनी में गिनी जाने वाली ओमेक्स में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। कालोनी स्थित सभी टावरों पर सिक्योरिटी गार्ड तैनात होने के बावजूद चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

**नवविहिता ने ...**व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज सेतिया को दी। पंकज सेतिया द्वारा थानाध्यक्ष राजेश पांडे को इस संदर्भ में सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला एसआई कुसुम रावत द्वारा अन्य सहयोगियों के साथ शव को फांसी से नीचे उतार कर कब्जे में लिया गया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया गया।

**आईलेटस कोचिंग...**तरह आईलेट्स कोचिंग सेंटर खोलने आए स्वामी ने सामान बिखरा देख होश उड़ गए। उन्हें तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। स्वामी करनवीर सिंह ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। स्वामी करनवीर सिंह, दलजीत सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर चोरी के खुलासे की मांग की। पुलिस कोचिंग सेंटर और आसपास में लगे सीसी टीवी कैमरे खंगालने में जुट गई है। पूर्व में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े नगर के मुख्य चौराहे से दीप मोबाइल स्वामी हरदीप सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह के गले में रखी 5000 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। दुकान स्वामी पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी।

**द्वारिका फ्लोर मिल...**तो उसी समय ही उसके कमरे में जाकर पता करना चाहिए था। ऐसा होने पर शैलेन्द्र की जान बच सकती थी। लेकिन सायंकाल तक कमरे में न जाना मिल प्रबंधन की लापहवाही ही है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतक के परिजनों व मिल प्रबंधन से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इधर मृतक शैलेन्द्र दीक्षित के परिजन मामले में कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे थे।

**अमरनाथ यात्रियों का...**कपिल अरोरा, अमित नारंग,अंकित नरूला,अशोक गुम्बर,योगेश वर्मा,राजन राठौर,माणिक अरोरा,मनीष चुघ, अजय लूथरा, नितिश धीर, अक्षय गाबा, साहिल ग्रोवर, मनीष कालरा, सचिन मदान, गौरव अरोरा, रोहन जग्गा, रजत वर्मा, पूजा सहगल, माही सहगल, कांति अथवान ईसा चौहान, निशा बत्रा, दिव्यांशी, रितू छावडा, मनीषा रानी, नीतू नागपाल, सवित आदि शामिल थे।

# सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में लगाई आस्था की डुबकी

नानकमत्ता। सोमवती अमावस्या पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर दरबार साहिब में माथा टेककर गुरु का प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य किया । श्रद्धालुओं ने पंजा साहिब पवित्र सरोवर की परिक्रमा कर देसी घी की ज्योत एवं नमक झाड़ू चढ़ाया और खुशहाली की अरदास की। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा छेवी पातशाही, अजायबघर बाऊली साहिब गुरुद्वारा दूध वाले कुए के दर्शन भी किए। गुरुद्वारा लंगर हॉल में गुरु का अटूट लंगर बताया गया। पंज प्यारों की अगुवाई में अमृत संचार कराया गया। अलमस्त दीवान हॉल में दीवान सजाया गया सजाया गया। प्रसिद्ध रागी दाढ़ी कविसरी जत्थों ने शब्द कीर्तन सुना कर संगत को निहाल किया और गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई। श्रद्धालुओं ने धार्मिक डेरा कार सेवा पहुंचकर बाबा तरसेम सिंह से आशीर्वाद लिया। गुरद्वारा साहिब दूध वाले कुए के दर्शन भी किए। धार्मिक दीवान भी सजाया गया। धार्मिक डेरा कार सेवा में अमृत संचार कराया गया। श्रद्धालुओं ने लंगर हॉल में गुरु का प्रसाद ग्रहण किया।

# पशु चिकित्सालय मे किया पौधरोपण

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय पशु चिकित्सालय में हरेला पर्व के अवसर



पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मृगेश चौधरी के नेतृत्व मै विरक्षा रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ मृगेश चौधरी ने कहा कि बदलते पर्यावरण को बचाने के लिए हर किसी को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।इस अवसर पर मुख्य रूप से अस्पताल कर्मी विक्रम सिंह, रमा देवी, रामकिशोर मनोज वर्मा, चंद्रशेखर तिवारी,धर्मेंद्र गंगवार, मोजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000